# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

नियमित मासिक प्रकाशन का सोलहवां वर्ष

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69



Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org



अंक :181 | स्वैच्छिक सेवा का 58 वां वर्ष | अप्रेल 2017


## आर्थिक सहयोग

● **सदस्य वार्षिक सहयोग** –श्री आर.के. खोखावत, श्री आर. सी. भटनागर, श्री मुनी ा गोयल, डॉ आर.एल. जैन, श्री संजय कोठारी (प्रत्येक से रु.1,000 प्राप्त हुए।)

● **विशेष सहयोग**– डॉ पी एम अग्रवाल – 51,000 रु., प्रो बी एल चावत – 5,000 रु., एडवोकेट एम.एल. कोठारी – 2000 रु., एडवोकेट श्रीमती सुशीला कोठारी – 2000 रु.,

● **छात्रवृत्ति कोरपस फण्ड** - श्रीमती निर्मला शाह–51,000 रु.

## विज्ञान लोकप्रियकरण

● **लोकविज्ञान : अप्रेल अंक के लेख– औषधीय गुणों से पूर्ण : अर्जुन वृक्ष, वर्चुअल रियलिटी, क्या है जुगनू की चमक का रहस्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बढ़ते चरण, विज्ञान का रोचक ज्ञान, आम : कुछ विशेष जानकारी।**

●**एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम**

**आदर्श ग्राम विकास कार्यक्रम –**

● 7 अप्रेल को **डॉ. के.एल. कोठारी, श्री मुनीश गोयल, प्रो. जे.एन. कविराज, श्रीमती मंजुला शर्मा** देवाली गए। पाक्षिक बैठक आयोजित की। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि अगली बार सौर ऊर्जा के उपकरणों का प्रदर्शन रखा जाए।

● दिनांक 21 अप्रेल शुक्रवार को **डॉ. के.एल. कोठारी, श्री मुनीश गोयल, डॉ. जे.के. ढोशी, श्री शान्तिलाल भंडारी, इंजी. एस.एल. गोदावत** समिति से तथा डीन सीटीएई **डॉ. एस.एस. राठौड़**, नवीनकरण ऊर्जा विभागाध्यक्ष **डॉ. सुधीर जैन** तथा **श्री दिनेश अग्रवाल** विश्वविद्यालय की तरफ से गए। **श्री इन्द्रसिंह** के मकान के बाहर सौलर एनर्जी के डिमोन्सट्रेशन दिए गए जिसमें सौलर लेम्प सौलर कुकर, सौलर ड्रायर आदि रखे थे जिनको ग्रामवासियों तथा विद्यार्थियों को समझाया गया।

●**प्रो. जे.के. ढोशी** तथा **प्रो. जे.एन. कविराज– प्रो. ढोशी** द्वारा बनाए सर्वे फॉर्म को कुलपति **प्रो. उमा शंकर शर्मा** से मिले। उन्होंने देखने के बाद पसन्द किया तथा निदेशक विस्तार को सुझाव के लिए भेजा।

● स्थानीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक जी के मांग पर विद्यालय के लिए 15 बड़े आशापाला के पौधे वर्षा बाद देने के लिए आर्डर कर दिया है।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** विज्ञान समिति नवाचार महिला प्रकोष्ठ की बैठक 10 अप्रेल को डॉ. डी.एस. कोठारी सभागार में सम्पन्न हुई, जिसे **मिठाई कार्यशाला** का नाम दिया गया। प्रशिक्षिकाएं थीं **श्रीमती बेला जैन** एवं **श्रीमती सुशीला मेहता** जिन्होनें चाइनिज बालुशाही, जलेबी, बुंदी एवं बुंदी लड्डू बनाना सिखाया। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत की। कुछ मेम्बरर्स ने मौखिक प्रशिक्षण , अन्य मिठाईयों के लिए दिया। ग्रुप लीडर श्रीमती **सविता कोठारी, श्रीमती रेखा मेहता, श्रीमती मेबा जैन** व कोषाध्यक्ष **श्रीमती राखी जैन, श्रीमती मंजुला शर्मा** का योगदान रहा।

●**वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** इस प्रकोष्ठ की बैठक 20 अप्रेल को आयोजित हुई जिसमें 70 सदस्याएं उपस्थित थी। सभी उपस्थित सदस्याओं को फोन नम्बर डायरेक्टरी वितरित की गई। **श्रीमती रेणु चौधरी** ने भगवान महावीर पर एक गीत का गायन किया। **श्रीमती शकुंतला धाकड़** ने सामान्य ज्ञान के प्रश्नोत्तर किए। **डॉ. कला मुणोत** के जन्म दिवस पर उपरणा ओढ़ाया। **श्रीमती सुशीला मेहता** द्वारा विभिन्न मुद्रायें व योग की क्रियाओं के बारे में बताया गया। **श्रीमती कला मुणोत** द्वारा लंच दिया गया।

● **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** अप्रैल माह का शिविर 1 मई को आयोजित किया गया। जिसमें टूस डांगियान गाँव की 5 स्कूल बच्चियां हंसा सेन के साथ आईं। जिनकी माताएं इस चेतना शिविर की सदस्याएँ हैं। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रार्थना से हुआ। शिविर प्रभारी **डॉ. शैल गुप्ता** ने सभी का स्वागत किया फिर शिविरार्थियों का परिचय हुआ। **डॉ. शैल गुप्ता** ने अक्षय तृतीया के महत्व के बारे में बताया। **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने जैन धर्म के प्रवर्तक ऋषभदेव भगवान के बारे में विस्तार से बताया व बाल विवाह की कुरीति पर चर्चा की। **डॉ. के एल कोठारी** ने उपस्थित प्रेरणात्मक चर्चाएं कीं। **डॉ. सुशीला अग्रवाल** ने उपस्थित समूह को अपना लक्ष्य ऊँचा रखने की प्रेरणा दी। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने लहर का वितरण किया व लहर के

बारे में चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** ने किया। चाय नाश्ते व यात्रा भत्ता देने के साथ शिविर का समापन हुआ। **दीपिका नागदा** ने किस्त भी जमा कराई।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● **निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। अप्रेल माह में 10 शिविर हुए जिसमें 182 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

● **श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में छियालीसवां शिविर दिनांक 16 अप्रेल 2017 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. ए.के. बापना,** वरिष्ठ फिजिशियन ; **डॉ. अनुराग तलेसरा,** अस्थि रोग विशेषज्ञ, **दर्शन डेंटल कॉलेज** के दंत रोग विशेषज्ञ एवं उनकी टीम, **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता**–योग विशेषज्ञ, **डॉ.निवेदिता पटनायक,** होम्यापेथिक चिकित्सक, **श्री मुर्तजा हुसैन एवं श्री कमलेश शर्मा**–ब्लड शुगर जांच; **श्री बी.एल.पोखरना** एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 36 नागरिकों का (36 सामान्य, 20 हृदय, 24 मधुमेह, 8 अस्थि रोग, 4 ईएनटी, 2 दंत रोग) विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 6 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **सेंतालीसवां शिविर 21 मई 2017** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

## विशिष्ट कार्यक्रम

●श्रमण संघ के **आचार्य शिवमुनि** का प्रवचन 11 अप्रेल को विज्ञान समिति के **मैरी क्यूरी सभागार** में **'वृद्धापन एवं ध्यान योग''** पर हुआ। यह कार्यक्रम **महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान** ने आयोजित किया। आचार्य श्री के स्वागत में **डॉ. के.एल. कोठारी** द्वारा स्वरचित कविता सुनाई गई जिसको आचार्यश्री एवं उपस्थित लोगों ने काफी पसंद किया।

● 27 अप्रेल को विज्ञान समिति के **मैरी क्यूरी सभागार** में रोटरी क्लब उदयपुर द्वारा **''राष्ट्रीय एकता सद्भावना क्यों और कैसे''** विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें 15 विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल की रही। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता **डॉ. के.एल. कोठारी** ने की। रोटरी गर्वनर **श्री रमेश चौधरी** मुख्य अतिथि थे।

● दिनांक 29/04/2017 को प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसमें वक्ता **श्री माणकलाल अग्रवाल** हस्ताक्षर सलाहकार (Signature Consultant) मुंबई, ने सारगर्भित वार्ता दी और कई उदाहरणों द्वारा अपनी बात को समझाने का प्रयास किया। उनका कहना था कि हम हस्ताक्षर किस प्रकार करते हैं उसका हमारे जीवन पर बड़ा प्रभाव रहता है। कौनसा अक्षर बड़ा कौनसा अक्षर छोटा कहाँ बिन्दु कहाँ अण्डरलाईन कहाँ टी की लाईन आदि बातें हमारे जीवन शैली को बहुत प्रभावित करती है। उन्होंने यह विधा पिछले 30 वर्षों में विकसित की है उसका न तो कोई कोर्स किया और न कोई ट्रेनिंग ली। उपस्थित लोगों के हस्ताक्षर कोड नम्बर से लिये और कोड अनुसार उनके हस्ताक्षर देखकर उनके जीवन शैली के सम्बन्ध में बताया। उपस्थित लोगों में से किसी ने उनके अनुभवों को चैलेंज नहीं किया। 40 लोगों की उपस्थिति जिसमें दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ एवं प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ दोनों के सदस्य उपस्थित थे। **श्री माणकलाल अग्रवाल** हमारे सदस्य **डॉ. पी एम अग्रवाल** के अनुज हैं।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ बैठक

● विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में विज्ञान समिति द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। **डॉ. विनोद अग्रवाल** (भूगर्भशास्त्री) ने पृथ्वी के सम्बन्ध में बताया कि यह हलचल वाला ग्रह है, जबकि दूसरे ग्रह मंगल एवं उपग्रह चंद्रमा शांत हैं। पृथ्वी के उद्‌गम के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह 455 करोड़ वर्ष पुरानी है तथा इसके अंदर की सतह अभी भी बहुत गर्म है। केवल 36 किमी गहरी सतह ही ठंडी हुई है। इन्होंने महाद्वीपों के उत्पत्ति के बारे में बताया कि पहले एक बड़ा भूखण्ड था और प्लेटों के टूटने व हलचल के कारण अलग–अलग महाद्वीप बने। **डॉ एन.एल. गुप्ता** ने ज्वालामुखी आदि के सम्बन्ध में रोचक जानकारी दी। **डॉ एस. के. वर्मा** ने **गंगा** के विषय पर अत्यंत भावुक एवं रोचक प्रस्तुतिकरण किया। उन्होंने बताया कि गंगा 4,100 किमी की ऊँचाई गौमुख से निकलती है तथा 2525 मीटर क्षैत्र में होते हुए गंगासागर में मिलती है। गंगा तथा इसकी सहायक नदियों का पानी 11 राज्यों तक जाता है तथा इससे 50 करोड़ लोग प्रभावित होते हैं, जो विश्व में सर्वाधिक है।

सन् 2013 में जो दुर्घटना हिमालयन विभिषिका हुई उस पर उन्होंने विस्तृत रुप से बताया कि गंगा को हम सबसे अधिक पवित्र मानकर पूजा करते हैं फिर भी सबसे अधिक तिरस्कृत तथा प्रदूषित है। **डॉ आर.के. जैन** ने संगोष्ठी में चर्चा करते हुए बताया कि गंगा के समान दूसरी नदियों की भी स्थिति चिंताजनक है। उदयपुर में झीलों का प्रदूषण पिछले 10 वर्षों में चौगुना हो गया है

और दिन–प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। संगोष्ठी का आरम्भ **डॉ के.एल. कोठारी** की कविता से हुआ। संगोष्ठी का संचालन **डॉ मुनीश गोयल** ने किया एवं धन्यवाद **डॉ.एल एल धाकड़** ने किया।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

8 अप्रैल 2017 को दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ द्वारा **श्रमण महावीर जन्मकल्याणक** पर एक संगोष्ठी का आयोजन **श्रमणी चैतन्य प्रज्ञा** के मुख्य आतिथ्य एवं **प्रो. एस.आर. व्यास** के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुई। विज्ञान समिति के संस्थापक **डॉ के.एल. कोठारी** ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की। **श्रमणी हिम प्रज्ञा जी** के मंगलाचरण से संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ, **डॉ एन एल कच्छारा** ने महावीर का जीवन वृत्त प्रस्तुत किया, **प्रो. प्रेम सुमन जैन** ने श्रमण महावीर को सामाजिक क्रांति का सूत्रधार बताते हुए महावीर द्वारा प्रदत्त चार दानों – औषधदान, शास्त्रदान, अभयदान एवं आहारदान के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में **डॉ पी. एम. अग्रवाल** ने महावीर के चिंतन में सकारात्मकता को रेखांकित करते हुए कहा कि व्यक्ति को हमेशा सकारात्मक सोच रखना चाहिए। **प्रो एस. आर. व्यास** ने बौद्ध एवं जैन विचारधाराओं में **''केवल ज्ञान''** एवं निर्वाण की व्यावहारिक विवेचना की। **श्रमणी डॉ चेतन्य प्रज्ञा** ने वर्तमान परिस्थिति में महावीर चिंतन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैन मान्यताओं की वैज्ञानिक आधार पर व्याख्या करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अध्यक्ष **डॉ के. एल. कोठारी** ने महावीर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम संचालन कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ के.पी. तलेसरा** ने किया। आभार प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ संयोजक **श्री मुनीश गोयल** ने व्यक्त किया।



## केलवा प्रोजेक्ट


- श्रद्धा का 42 वां अंक (अप्रेल 2017) प्रकाशित एवं वितरित हुआ।

## सदस्यों सबंधी

- हमारे सदस्य **डॉ. टी.सी. जैन,** गुड़गांव पूर्व कन्सलटेन्ट(कृषि)– विश्व बैंक ने अपनी आत्मकथा लिखी जिसको **''द असेन्ट ऑफ ए रूरल बॉय''** के नाम से प्रकाशित की है। हार्दिक बधाई।
- हमारे उपाध्यक्ष **डॉ. के.एल. तोतावत** के पौत्र **पल्लव तोतावत** ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित **''किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना''** (KVPY) में विज्ञान विषयक में स्नातक स्नातकोत्तर करने के लिए छात्रवृत्ति हेतु चयन हुआ। हार्दिक बधाई। इस योजना में स्नातक स्तर पर 5000/–रु. प्रतिमाह तथा स्नातकोत्तर पर 7000/– रु प्रतिमाह छात्रवृत्ति निहित है।

A very
*Happy Golden Jubilee Wedding Anniversary*
to a wonderful couple





**डॉ. पी.एम. अग्रवाल एवं श्रीमती पुष्पा जी** की वैवाहिक स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर समिति में सम्मान कार्यक्रम 28 अप्रेल को आयोजित किया जिसमें अग्रवाल सा. के परिवारजन भी सम्मिलित हुए। कई सदस्य अग्रवाल सा. द्वारा आयोजित भव्य समारोह में भी उपस्थित हुए। इस अवसर पर उनके सम्मान में डॉ. के.एल. कोठारी द्वारा रचित कविता भी पढ़ी गई एवं उसे भेंट किया। अग्रवाल सा. ने समिति के प्रति बहुत अच्छे शब्दों में भावना व्यक्त की एवं 51000 रु. का एक चैक डोनेशन के रूप में समिति सदस्यों को दिया। हार्दिक आभार एवं कोटि कोटि बधाई।

● हमारे प्रमुख संरक्षक सदस्य **श्रीमान् मदनसिंह जी सुराणा-श्रीमती लीला जी सुराणा** हांगकांग में अपने पुत्र के यहां सकुशल हैं एवं समिति सदस्यों को समय समय पर याद करते हैं।

●हमारे कोषाध्यक्ष **श्री लक्ष्मीलाल जी चंडाल्या** नड़ियाद अपने साला जी के सहयोग के लिए गए थे वहां गिर जाने से फ्रेक्चर हो गया। अहमदाबाद में 21 अप्रेल को शल्य चिकित्सा हुई। 26 को उदयपुर आ गए। अपने निवास पर स्वास्थ्य लाभ ले रहें हैं। शीघ्र और पूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं।

●हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य **श्रीमान् मांगीलाल जी लुणावत** अस्वस्थ होने से चिकित्सालय में भर्ती हुए। जहाँ से उन्हें रिलीव कर दिया गया है। घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। शीघ्र और पूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं।

● हमारे संरक्षक सदस्य **डॉ. ओ.एस. राठौड़** लम्बे समय से अस्वस्थ हैं और अपने निवास (होटल रामप्रताप) पर स्वास्थ्य लाभ ले रहें हैं। शीघ्र और पूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं।

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ

| May | | June | |
|---|---|---|---|
| Sh. HL Pagaria | 03/05 | Sh. N.L. Gupta | 02/06 |
| Dr. J.K. Doshi | 07/05 | Sh. R.K. Khokhawat | 02/06 |
| Sh. Pradeep Bapna | 08/05 | Km. Pratichi Bhatnagar | 07/06 |
| Sh. S.N. Joshi | 11/05 | Sh. Arun Kumar Agarwal | 08/06 |
| Dr. TC Jain | 15/05 | Sh.Ibrahim Ali | 12/06 |
| Sh. LN Sharma | 18/05 | Sh. P.P. Jain | 10/06 |
| Smt.Kaushlya Roongta | 20/05 | Sh. Moti Singh Khamesara | 12/06 |
| Dr. SS Pokharna | 24/05 | Sh. Javerchand Dagliya | 15/06 |
| Sh. Nitin Kothari | 24/05 | Sh. Prakash Jain | 24/06 |
| Sh. BL Pokharna | 27/05 | Dr. K.L. Kothari | 30/06 |
| Prof.Lalit Pandey | 30/05 | Sh.Madhusudan Pandya | 30/06 |



**श्री प्रकाश तातेड़ अकादमिक सचिव एवं डॉ. सुजान सिंह** के जन्मदिन क्रमशः **3 अप्रेल** एवं **10 अप्रेल** को समिति में उत्साहपूर्वक मनाए गये। **यह शुभ दिन बार बार आए।**



## विज्ञान समिति के मई माह के कार्यक्रम

• **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

• **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

□ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

□ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 21 मई 2017 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम सर्वे फार्म का अंतिम रूप | शुक्रवार 19 मई | |
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | बुधवार 10 मई | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ | शनिवार 13 मई | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | शनिवार 20 मई | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ बैठक | शनिवार 27 मई | |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | मंगलवार 30 मई | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✷ राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस | गुरुवार 11 मई | सायं 06.00 बजे से |
| ✷ अन्य कार्यक्रम निर्णय होने पर | | |

## अपील

● कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।

● निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**